आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 06.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की मिडिल स्कूल डिगनाबाद की शिक्षिका के. सुमा को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है।
- बेड एंड ब्रेकफास्ट संस्थानों के लिए संयुक्त बिजली नियामक आयोग की ओर से बिजली के दरों की एक नई श्रेणी की शुरूआत की गई है।
- ग्राम स्वास्थ्य पोषाहार दिवस के सिलसिले में कार निकोबार के विभिन्न गांव के निवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
- देश के साथ द्वीपसमूह के कई भागों में भी कल से गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।
- संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की मिडिल स्कूल डिगनाबाद की शिक्षिका के. सुमा को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन मे आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशभर के शिक्षकों को सम्मानित किया। उनमें डिगनाबाद स्कूल की के. सुमा भी शामिल थी। पुरस्कार के तहत प्रमाणपत्र, रजत पदक और पचास हजार रूपये की नकद राशि प्रदान की जाती है। इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी शिक्षा प्रणाली की सफलता में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ये एक रोज़गार नहीं है, बल्कि मानव विकास के लिए मिशन है। अगर एक बालक अच्छी तरह से प्रदर्शन नहीं कर पाता है, ऐसी स्थिति में शिक्षा प्रणाली और शिक्षकों की भूमिका और बढ़ जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों के भीतर अलग–अलग प्रतिभाएं होती है। कोई खेलकूद में आगे रहता है, तो किसी के अंदर नेतृत्व कौशल अधिक होता है और कोई सामाजिक गतिविधियों में रूचि दिखाता है। शिक्षकों को ऐसी प्रतिभाओं को पहचानना होगा और उसे निखारना होगा।

<><><><><><>

बेड एंड ब्रेकफास्ट श्रेणी में पंजीकृत संस्थानों के लिए संयुक्त बिजली नियामक आयोग की ओर से बिजली के दरों की एक नई श्रेणी की शुरूआत की गई है। इस सिलसिले में सभी ऐसे संस्थानों से अपनी घरेलू श्रेणी को बदलने और प्रशासन की ओर से उन्हें प्राप्त प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि अपने–अपने साईट कार्यालयों में पन्द्रह दिनों के भीतर देने को कहा गया है।

<><><><><><>

ऊर्जा क्षेत्र में दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से पिछले दिनों दो दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्युत विभाग के अभियंताओं के लिए स्मार्ट मीटर और स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी पर आयोजित कार्यशाला में विभाग के करीब पैंतालीस अभियंताओं ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए ऊर्जा सचिव ने ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त करने में स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। स्मार्ट मीटर की स्थापना से हाथों से मासिक मीटर रीडिंग करने के कार्य से छुटकारा मिलेगा और इलेक्ट्रिक प्रणाली की सही तरह से निगरानी की जा सकेगी तथा इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को ऊर्जा संसाधनों का उचित तरीके से उपयोग को भी बढ़ावा दिया जा सकेगा। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कई पहलुओं से अवगत कराया गया।

<><><><><><>

ग्राम स्वास्थ्य पोषाहार दिवस के सिलसिले में कार निकोबार के विभिन्न गांव के निवासियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल के दंत, आयुर्वेद और होमियोपैथी इकाई के डॉक्टरों की टीम ने एक सौ से अधिक मरीजों की जांच की और उन्हें दवाईयों का वितरण किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम निकोबार की टीम की ओर से भी चालीस से अधिक बच्चों की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और उनकी स्वास्थ्य देखभाल करना था, ताकि समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

<><><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने परिवहन सचिव से लाल पहाड़ होते हुए गोपाल नगर तक बस सेवा का विस्तार करने का अनुरोध किया है। परिवहन सचिव से कल मुलाकात के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि छोलदारी और आस–पास के गांव के लोगों की ये लम्बे समय से मांग रही है। परिवहन सचिव ने इस दिशा में तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

देश के साथ द्वीपसमूह के कई भागों में भी गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा। इस सिलसिले में द्वीपसमूह के कई भागों में पर्व को मनाने के लिए पंडाल बनाए गए हैं, जहां भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। पोर्ट ब्लेयर शहर के कई भागों में पूजा के लिए पंडाल बनाए गए हैं और इन्हें आकर्षक ढंग से सजाया भी जा रहा है। ब्रुक्शाबाद के हनुमानगढ़ मंदिर में कल सुबह दस बजे से पूजा कार्यक्रम आयोजित होगा और दिन में बारह बजे से महाभोग का वितरण किया जाएगा। चिन्मय मिशन मे कल से लेकर ग्यारह सितम्बर तक गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा। कल सुबह आठ बजे से पूजा की शुरूआत होगी।

<><><><><><><>

मत्स्य विभाग की ओर से द्वीपों के मत्स्य कृषक उत्पादकता संगठनों, उद्यमियों, मत्स्य संघों के सदस्यों, बेरोज़गार युवाओं और मत्स्यकी के क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद के वित्तीय सहयोग से आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मत्स्य निदेशक अभिषेक गुलिया ने मत्स्य कृषक उत्पादकता संगठन का गठन करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, ताकि मछुआरा समुदाय का उत्थान हो सके। उन्होंने इस कार्य में मत्स्य विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। संयुक्त निदेशक डॉ. के गोपाल ने द्वीपों में मछुआरा समुदाय की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। जंगलीघाट के बाद गुप्तापाड़ा मत्स्य अवतरण केन्द्र में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज़िला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी ने मछुआरा समुदाय से

उत्पादकता संगठन बनाने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के शासी निकाय के सदस्य एस यू महेश्वर राव ने बोर्ड की ओर से मछुआरा समुदाय के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

सामाजिक मुद्दों पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए गैर सरकारी संगठन प्रयास की ओर से पुलिस विभाग के विभिन्न इकाईयों और एनकॉल के सहयोग से कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नशीले पदार्थ, सड़क सुरक्षा, आत्महत्या, साइबर अपराध पर नाटकों के माध्यम से जागरूकता उत्पन्न की गई। पुलिस की ओर से विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न यू जी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चौंथे चरण का परामर्श दस सितम्बर को लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ सुबह साढ़े आठ बजे परामर्श के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

इस बीच, प्रथम वर्ष की स्नातक पाठ्यक्रम की कक्षाएं नौ सितम्बर से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

संतोष ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इक्कीस सितम्बर को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन होगा। इच्छुक खिलाड़ियों से अपने नाम अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन के माध्यम से अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन में स्वयं ही पंजीकृत कराना होगा। और जानकारी के लिए फुटबॉल एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक से संपर्क किया जा सकता है।

उधर, आगामी कयाकिंग और कैनोइंग चैम्पियनशिप में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों से अपने नाम नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक संघ कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बाईस मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चार दशमलव दो, ननकौड़ी में दो और लांग आइलैंड में एक दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण मछुआरों को नौ सितम्बर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>